हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, रविवार 5 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री


12 नई बिल्डिंग में चौबीस घंटे मिलेगी एक्सरे की सुविधा





12 ढाई साल के मासूम को ढूंढकर पिता को सौंपा




## खबर संक्षेप

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव दनौदा कलां में तेज रफ्तार स्कोर्पियो गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दनौदा कलां निवासी जगजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा बिट्टू खेत से घर आ रहा था। गांव के निकट ही तेज रफ्तार स्कार्पियो गाड़ी ने बिट्टू की गाड़ी को टक्कर मार दी। जिसमें उसका भतीजा घायल हो गया।

### ऑनलाइन टास्क के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

**जींद।** अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क सिस्टम के नाम पर लोगों को झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपित को 25 हजार रुपये की नगदी सहित गिरफ्तार किया है। साइबर थाना क्राइम प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीप सिंह ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि राजनगर निवासी मिया सिंह ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि अज्ञात द्वारा उसे ऑनलाइन टास्क के नाम पर घर बैठे पैसे कमाने का लालच दिया गया था।

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव सिवानामाल में रंजिशन हमला करने पर तीन लोगों के खिलाफ सदर थाना सफीदों पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव सिवानामाल निवासी अंकुश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी ओमदत परिवार से रंजिश चल रही है। उसी रंजिश के चलते ओमदत्त परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने राकेश, विजय, पवन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### वाहन की चपेट में आने से महिला सहित दो घायल

**जींद।** जींद-असंध मार्ग से नगूरां वाया दिल्लूवाला मोड़ के समीप असंध की तरफ से आए अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार रायचंदवाला निवासी महिला व एक व्यक्ति घायल हो गए है। अज्ञात वाहन चालक द्वारा घायल को उपचार के लिए जींद के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवा मौके से निकल गया। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर मामले का मुआयना कर रायचंदवाला निवासी घायल व्यक्ति के ब्यान के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तेज रफ तार लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज किया है।

### वाहन चोर से दो बाइक बरामद

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एचसी पवन कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव फ्रसमाजरा निवासी सुरेश कुमार को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की वार्ड नं 8 कलायत निवासी संजीव कुमार की शिकायत अनुसार 3 जुलाई 2024 को उसके घर के बहार खड़ी बाइक को अज्ञात चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज कर लिया। व्यापक पूछताछ दौरान आरोपी के कब्जे से उक्त चोरीशुदा बाइक के अतिरिक्त एक अन्य बाइक बरामद की गई।

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**कैथल।** जिले के गांव जसवंती में कार की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव देवबन के राहुल ने सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 फरवरी को जब वह अपनी बाइक पर सवार होकर गांव जसवंती के निकट से जा रहा था तो कार चालक सतीश ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया।











जींद। विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते सीएम नायब सैनी व मंच पर सीएम को गुलदस्ता भेंट करते विधायक रामकुमार गौतम व मंच पर मौजूद सीएम व अन्य नेता व रैली को संबोधित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व विधायक रामकुमार गौतम। फोटो :हरिभूमि

### मुख्यमंत्री ने सफीदों में विकास एवं धन्यवाद रैली को संबोधित किया

# जनता से किया हर वादा पूरा होगा: सैनी

## कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित-गुमराह करने का काम कर रही

**सरकार ने सफीदों में 1384 करोड़ रुपये खर्च किए**

हभिूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार जो कहती है वो करती है। आज विपक्ष के पास एक ही एजेंडा है कि भ्रम फैलाओ, झूठ बोलो और लोगों को गुमराह करो। कांग्रेस आज बौखला गई है। वो विकास को नही रोक पा रहे हैं, इसलिए वो झूठ बोल कर लोगों को भ्रमित और गुमराह करने का काम कर रहे हैं। क्योंकि झूठ की राजनीति करने वाले लोगों को विकास रास नही आ रहा है। विपक्ष के पास आज कोई एजेंडा नही है, विजन नही है, नीति भी नही है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को सफीदों में आयोजित विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वो विपक्ष से पूछना चाहते हैं कि आप दशकों तक सत्ता में रहे तो उन्होंने सफीदों के लिए क्या किया। विपक्ष ने कभी खेती की चिंता की, कभी बच्चों के भविष्य को सोचा। उन्होंने केवल सत्ता सुख भोगा और परिवारवाद को बढावा दिया। पहले लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता था। सड़कें खराब थी। रोजगार के लिए युवा भटकते थे। विकास केवल कागजों तक ही सीमित था लेकिन आज पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह तस्वीर बदल चुकी है। युवाओं को बिना पर्ची व खर्ची के पारदर्शी आधार पर नौकरी मिल रही है। यह बदलाव जनता के जीवन में दिख रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सफीदों के सिवानामाल में पशु अस्पताल के लिए नई बिल्डिंग बनाने की घोषणा की। खातला में भी पशु अस्पताल की नई बिल्डिंग बनाई जाएगी। रामसर पार्क के निर्माण की भी घोषणा की। सफीदों में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य शीघ्र करवाने की घोषणा की। सफीदों शहर में लाइब्रेरी, ज्योतिबा फूले प्रवेश दरबार पानीपत रोड पर, रिहायशी घरों के ऊपर से गुजर रही 33केवी लाइन हटाने की नियमानुसार हटाने, खेडाखेमावती में 33केवीए सब स्टेशन पर लगे पावर ट्रांसफर की क्षमता बढाए जाने सहित कई घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि आज पेट्रोल व डीजल, गैस के दाम बढ़ रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री ने एक्साइज के लोगों को देने का काम किया है। विपक्ष गैस, पेट्रोल और डीजल को लेकर गुमराह करने का काम कर रहा है। वो कहना चाहते हैं कि हरियाणा में गैस, डीजल व पेट्रोल की कोई कमी नही होगी। विपक्ष की अफवाहों से बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जो कहती है, वो करती है। पिछले चुनाव के संकल्प के 217 वादे किए थे। 217 में से 60 वादों को पूरा किया गया है। 157 वादों पर गति से काम चल रहा है। आज हरियाणा विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसके पीछे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच है। सरकार राष्ट्र प्रथम की नीति पर चल रही है। जब भी देश पर वैश्विक संकट आया है तो प्रधानमंत्री लोगों उन्होंने कहा कि सफीदों में 49 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए हैं। वो विपक्ष को बताना चाहते हैं कि 1384 करोड़ रुपये सफीदों में पिछले दस वर्षों में भाजपा सरकार ने खर्च किए हैं। कांग्रेस ने मात्र 552 करोड़ दस वर्ष में खर्च किए थे। जोकि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया था। कहा कि सफीदों की यह धरती परीश्रम, त्याग और सत्य का प्रतीक रही है। इसी धरती से विकास और विकल्प और भविष्य नई हुंकार उठी है। लोगों के चेहरे पर एक ही विश्वास है कि भारत बदल रहा है। हरियाणा आज आगे बढ़ रहा है। वही जोश और विश्वास व ऊर्जा सफीदों की धरती पर लोगों के चेहरे पर देखने को मिल रही है।





जींद। मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री नायब सैनी। फोटो :हरिभूमि

### पीएम का 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प

यह परिवर्तन मजबूत नेतृत्व की देन है। जिसने गरीब के घर तक विकास पहुंचाया है और हर नागरिक को विश्वास दिलाया है कि उसका सपना देश का सपना है। वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात कर रहे हैं। जिन्होंने भारत देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। उनका इरादा और लक्ष्य स्पष्ट है। हरियाणा का हर नागरिक खुशहाल, युवा आत्मनिर्भर हो, यह सोच सरकार की है।

### इन परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

**जींद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को जिला जींद के सफीदों में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली में 49.73 करोड़ की लागत वाली 10 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 19.31 करोड़ लागत की 6 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 30.42 करोड़ की लागत की 4 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इन 6 परियोजनाओं का हुआ उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजकीय महाविद्यालय, सफीदों में 3.75 करोड़ की लागत से निर्मित 12 शिक्षण कक्षों का उद्घाटन किया। इसके अलावा, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत 3.20 करोड़ की लागत से हांसी ब्रांच पर छठ पूजा एवं गणेश विसर्जन के लिए घाट का उद्घाटन, 1.42 करोड़ की लागत से नागक्षेत्र तीर्थ के समीप हांसी ब्रांच पर घाट के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन, 4.72 करोड़ की लागत से पड़ाना ड्रेन की साइड लाइनिंग एवं तीन पुलों के पुनर्निर्माण का उद्घाटन भी किया। इसके अलावा, 2.93 करोड़ से लुदाना लिंक ड्रेन के किए कार्य का भी उद्घाटन किया गया। साथ ही, 3.26 करोड़ से सफीदों माइनर का पुनर्निर्माण भी किया। इन 4 परियोजनाओं का हुआ शिलान्यासमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) द्वारा 3.14 करोड़ की लागत से सफीदों नई अनाज मंडी में आंतरिक सड़कों की विशेष मरम्मत (फेज-2), राइजिंग मेन एवं स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावा, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) द्वारा 10.1 करोड़ की लागत वाले लुदाना में 33 केवी सब स्टेशन के निर्माण कार्य का शिलान्यास, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 8 करोड़ से पिल्लूखेड़ा में महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा 9 करोड़ 27 लाख से लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का शिलान्यास किया।

### सफीदों की सभी मांगों को पूरा किया जाएगा

**जींद।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने जो विकास की रफ्तार लाई थी और हरियाणा एक और हरियाणवी एक का नारा दिया था, उसको साकार करने व आगे ले जाने का काम मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किया। आज देश और प्रदेश में एक ही चर्चा है कि मुख्यमंत्री हो तो नायब सैनी जैसा हो। इस तरह का विचार हरियाणा में बहुत साल बाद आया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शनिवार को सफीदों में आयोजित विकास एवं धन्यवाद रैली को संबोधित कर रहे थे। कहा कि सफीदों की जो 37 मांगे हैं, उन सभी मांगों को मुख्यमंत्री द्वारा पूरा किया गया है। जिस प्रकार से लोकसभा में उन्हें जिताने का काम किया और सफीदों को भाजपा को गढ़ बना दो, सफीदों की सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। जब समय आएगा तो सफीदों जिला भी बनाया जाएगा। जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। विकसित देश का संकल्प जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है, उसे हम सबको मिल कर पूरा करना है।

### सैनी का सरकार लाने में अहम योगदान: गौतम

**जींद।** सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने तीन पार्टियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। जिसमें कांग्रेस, एग्जिट पोल जो कहते थे कि 25 से ज्यादा सीटें नही आएंगी। नायब सैनी ने ऐसा चमत्कार किया कि सबको यह बता दिया कि वो ही सरकार को ला सकते हैं। अगर नायब सैनी नही होते तो जो सट्टा बाजार सीटों को लेकर चल रहा था वो यूं का यूं लागू हो जाता। सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम शनिवार को सफीदों में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी का तीसरी बार सरकार लाने में अहम योगदान है। वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्र गुजार हैं जिन्होंने पहली बार 2014 में अहसास करवाया कि यह पाकिस्तान नही हिंदुस्तान है। हमारे गुरूओं को नमन किया। वो मुख्यमंत्री नायब सैनी के भी शुक्र गुजार हैं जो पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने मजबूत नींव रखी थी, उस पर शानदान महल बनाने का काम किया। लाडो लक्ष्मी योजना लागू कर अपने वचन को पूरा किया।

## फाइनेंस कंपनी कर्मी ने हड़पे 2.31 लाख, धोखाधड़ी का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

फाइनेंस कंपनी कर्मी द्वारा वसूली गई लोन राशि दो लाख 31 हजार 638 हजार रुपये हड़पने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने पूर्व कर्मी के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिगंबर कैपफिन लिमिटेड कंपनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी भारतीय रिर्जव बैंक के नियमों के तहत लोन करती है। कंपनी की उत्तर भारत में शाखाएं हैं। नरवाना में रजबाहा पार कार्यालय है। जिसमें गांव शेखपुरा हिसार निवासी रवि कुमार कार्यालय में फिल्ड अफसर के तौर पर कार्यरत था। रवि का कार्य लोन का सत्यापन करना तथा किश्त वसूली करना था। आरोपित ने तीन दिसंबर 2025 तक 37 लोगों से लोन किश्त दो लाख 31 हजार 680 रुपयों की रिकवरी की। आरोपित ने राशि को रिकवर करने के बाद उसे कंपनी में जमा नही करवाया। किश्तों की राशि जमा ने होने पर राशि जमा करवाने के लिए कहा। आरोपित ने राशि खाते में जमा करवाने की बात कही। आरोपित को कारण बताओ नोटिस भी दिए गए। बावजूद इसके आरोपित ने राशि को जमा नही करवाया। जिस पर कंपनी ने आरोपित को हटा दिया।

## जींद: भूमि विवाद के चलते झगड़े में दर्ज मुकदमे से खफा व्यक्ति ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- जमीन विवाद को लेकर अपने भाइयों से था झगड़ा

गांव जुलानी में जमीन विवाद के चलते झगड़े का दर्ज मुकदमे से खफा व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत मृतक के मां-बाप तथा दो भाइयों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलानी निवासी सुरेंद्र ने अलसुबह खेत में जाकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसे गंभीर हालात में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा। मृतक के बेटे कर्मजीत ने पुलिस को बताया कि उनका जमीन को लेकर उसके चचेरे भाई जसमेर के साथ झगड़ा हो गया। पुलिस ने पिता सुरेंद्र समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। गत तीन मार्च को उसके पिता सुरेंद्र को थाने में बुलाया गया था। वह सुबह उठा और खेत में पहुंच गया। जहां पर जहरीला पदार्थ निगल लिया। जसबीर तथा उसका परिवार उनकी जमीन को नही छोड़ रहे थे। जिसकी वजह से झगड़ा हुआ। कर्मजीत ने आरोप लगाया कि उसके चचेरे भाई जसमेर चाचा जसबीर, ताऊ महेंद्र, ताई दादी धनपति ने परेशान होकर उसके पिता ने जहर खाकर आत्महत्या की है। सदर थाना पुलिस ने कर्मजीत की शिकायत पर जसमेर, जसबीर, महेंद्र तथा धनपति के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना के जांच अधिकारी सुमन ने बताया कि मृतक के बेटे ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी।



राजौंद। खेत में लहलाती गेहूं की तैयार फसल। फोटो :हरिभूमि

### गेहूं कटाई ने पकड़ी रफ्तार

**राजौंद।** क्षेत्र में इन दिनों गेहूं की फसल पककर तैयार हो चुकी है और कटाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। किसान अपनी छह महीने की मेहनत को सुरक्षित समेटने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। जहां कुछ किसान तूड़ी बनाने के उद्देश्य से मजदूरों द्वारा हाथ से गेहूं की कटाई करवा रहे हैं, वहीं अधिकतर किसान समय की बचत के लिए कम्बाइन मशीन का सहारा ले रहे हैं।किसानों का कहना है कि बदलते मौसम को देखते हुए फसल को जल्द से जल्द काटना जरूरी हो गया है, ताकि किसी प्रकार के नुकसान से बचा जा सके। हालांकि कम्बाइन से कटाई करने पर भूसे (तूड़ी) का नुकसान होता है, जिससे किसानों को आर्थिक हानि भी उठानी पड़ती है। इसके बाद भी किसान मजबूरी में कम्बाइन का उपयोग कर रहे हैं। कम्बाइन से कटाई के बाद किसान तूड़ी तैयार करने के लिए रीपर मशीन का सहारा लेते हैं, जिससे उन्हें दोहरा खर्च उठाना पड़ता है। क्षेत्र में पानी की कमी के चलते अधिकतर किसान केवल गेहूं की फसल पर ही निर्भर हैं, इसलिए फसल को समय पर समेटना उनकी प्राथमिकता बनी हुई है। छोटे किसान अब भी मजदूरों से हाथ से कटाई करवाने को प्राथमिकता दे रहे हैं, पर क्षेत्र में कम्बाइन मशीनों की आवाज लगातार सुनाई दे रही है।

### जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य : डीएफएससी

# घबराहट में ईंधन की अनावश्यक खरीदारी न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीएफएससी वीरेंदर सिंह ने आमजन से अपील करते कहा कि घबराहट में ईंधन की अनावश्यक खरीदारी न करें। केवल आवश्यकता अनुसार ही खरीदारी करें ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे। जिला में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल आदि सभी पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। जमाखोरी या ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा की गई छापेमारी की जा रही है और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ नियमों के अनुरूप, निष्पक्ष, बिना किसी भेदभाव के और जनहित में कार्रवाई की जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग न केवल एक कानूनी रूप से गलत है बल्कि यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत खतरनाक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य किसी का रोजगार प्रभावित करना नहीं है, बल्कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और संभावित दुर्घटनाओं को टालना है। सार्वजनिक सुरक्षा और सरकारी नियमों से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने जानकारी दी कि जिले की 20 गैस एजेंसियों पर घरेलू सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। 3 अप्रैल को 5551 सिलेंडर स्टॉक में थे, दिन के दौरान 6390 नए सिलेंडर प्राप्त हुए और कुल 5991 सिलेंडर उपभोक्ताओं को वितरित किए गए। इसके बावजूद 5950 सिलेंडर शेष हैं जो स्थिति की पर्याप्तता को दर्शाता है। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक कार्यालय में स्थापित यह कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जो प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से सायं 8:00 बजे तक कार्य करता है।



कैथल। डीएफएससी वीरेंद्र सिंह अनाज मंडी में गेहूं खरीद का जायजा लेते। फोटो :हरिभूमि



कैथल। ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### संदिग्ध नशा तस्करों के ठिकानों पर की सघन जांच

**कैथल।** शनिवार की सुबह थाना गुहला एसएचओ पीएसआई शनेष की टीम द्वारा गांव चाणचक, दाबनखेड़ी, रत्ताखेड़ा व अंगौध में तथा एसएचओ थाना चीका एसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा चीका की कई कालोनियों सहित गांव कल्लरमाजरा में संदिग्ध नशा तस्करों घर व अन्य ठिकानो पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान 7 टीमो में शामिल करीब 60 पुलिस कर्मचारियों द्वारा करीब 60 घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों व नशा तस्करों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है।

## खबर संक्षेप

### लॉ विभाग में चल रहे विवाद की शिकायत दी

जींद। चौधरी रणवीर सिंह विवि के लॉ विभाग में चल रहे विवाद ने अब एक गंभीर रूप धारण कर लिया है। विभाग के अध्यक्ष के साथ हुई ऑडियो रिकॉर्डिंग एवं छात्रों के साथ कथित दुव्र्यवहार के मामले को अब विश्वविद्यालय स्तर से आगे बढ़ाते राज्य एवं उच्च स्तर के संवैधानिक प्राधिकरणों तक पहुंचा दिया गया है। विभाग के विद्यार्थियों द्वारा यह मामला मुख्यमंत्री, राज्यपाल (कुलाधिपति), शिक्षा मंत्री एवं अन्य संबंधित प्राधिकरणों को विधिवत रूप से भेजा गया है।

### पढ़ने के लिए निकली दो युवतियां लापता

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए है। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। राजनगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से कालेज के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। वहीं गांव कलौदा कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से आईटीआई में पढने के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी।

### दो मकानों के टूटे ताले नकदी व आभूषण चोरी

जींद। शहर में बीती रात चोरों ने दो मकानों के ताले तोड़ कर नगदी, सोना, चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोलू कालोनी निवासी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 25 मार्च परिवार समेत बाहर चला गया था। जब वह वापस लौटा तो मकान पर लगा ताला टूटा हुआ था। घर से आठ हजार रुपये की नगदी, सोने चांदी के जेवरात गायब थे। उधर, अजमेर बस्ती निवासी संदीप ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

उचाना। काब्रच्छा में प्रवेश उत्सव के तहत शहीद ओमप्रकाश राजकीय वमावि में आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी उचाना ओमप्रकाश आर्य मुख्य अतिथि रहे। आर्य ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते लीगल लिटरेसी क्विज में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने तथा एनएमएमएस, नवोदय परीक्षा में सफल छात्रों को सर्टिफिकेट व स्मृतिचिह्न प्रदान किए। इस मौके पर संदीप सरपंच काब्रच्छ, पूर्व सरपंच जगपाल, प्रधान हरिकेश खटकड़, एसएमसी प्रधान प्यारेलाल, मा. कृपाल, पवन , राजेश , श्योपाल मौजूद रहे।

### विधायक देवेंद्र की कथनी करनी एक सम्मान

उचाना। पूर्व ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सतीशा देवी ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है। विधायक जो कहते है वो करते है। विकसित उचाना का जो वायदा उचाना हलके के लोगों से किया था उस वायदे को वो पूरा करने का काम कर रहे है। आज गरीब वर्ग का व्यक्ति विधायक से किसी भी समय मिल कर अपनी समस्या को बात समाधान करवा सकता है। उचाना हलके के लोगों ने वो समय भी देखा है जब यहां से जो विधायक होता था उससे मिलने एवं समस्याओं के समाधान के लिए चंडीगढ़, दिल्ली हजारों रुपए खर्च करके जाना पड़ता था।

### बिना पर्ची खर्ची रोजगार दे रचा सरकार ने इतिहास

उचाना। सफीदों में विधायक रामकुमार गौत्तम की अगुवाई में हुए सीएम नायब सिंह सैनी की रैली में उचाना हलके से दर्जनों वाहनों में समाज सेवी एवं पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि ओमप्रकाश भौंगरा की अगुवाई में लोग सीएम को सुनने पहुंचे। ओमप्रकाश भौंगरा ने कहा कि रामकुमार गौत्तम से उनके परिवार का परिवारिक रिश्ता है। सीएम नायब सिंह सैनी बिना पर्ची बिना खर्ची युवाओं को नौकरी दे रहे है जिससे गरीब परिवार का युवा भी पढ़ाई के बूते पर बड़े अधिकारी लग रहे है।

## नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर

# नई बिल्डिंग में चौबीस घंटे मिलेगी एक्सरे की सुविधा

### मशीन को अस्थायी रूप से टीबी वार्ड के पास शिफ्ट किया गया था

**डॉक्टरों को रिपोर्ट जल्दी मिलने से इलाज में तेजी आएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। एक्सरे रूम में मशीन को इंस्टॉल करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर आई है। अस्पताल की नई बिल्डिंग में अब 24 घंटे एक्सरे की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। एक्सरे मशीन को नई बिल्डिंग के एक्सरे रूम में शिफ्ट कर दिया गया है। जिससे इमरजेंसी सहित सभी मरीजों को रात-दिन जांच की सुविधा मिल सकेगी। पहले नई बिल्डिंग में एक्सरे रूम की रेनोवेशन कार्य चल रहा था। इस कारण एक्सरे मशीन को अस्थायी रूप से टीबी वार्ड के पास शिफ्ट किया गया था। रेनोवेशन पूरा होने के बाद मशीन को वापस नई बिल्डिंग के निर्धारित एक्सरे रूम में स्थापित कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब मशीन पूरी तरह तैयार है और 24 घंटे की सुविधा शुरू हो जाएगी। नागरिक अस्पताल में रोजाना सैंकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें 250 तक एक्सरे भी होते हैं। एक्सरे रूम का रेनोवेशन कार्य होने के चलते अढाई माह पहले मशीन को टीबी वार्ड के पास शिफ्ट किया गया था। जहां मरीज को लाने व ले जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। एक्सरे मशीन खराब होने पर तो कई बार मरीजों को बाहर महंगे दामों पर एक्सरे करवाना पड़ता था। एक्सरे रूम का रेनोवेशन पूरा हुआ और एक्सरे मशीन को नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया है। जिसके चलते पहले की तरह ही मरीजों को अब 24 घंटे एक्सरे सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। यह सुविधा शुरू होने से मरीजों को कई फायदे होंगे। दुर्घटना, हड्डी टूटने, छाती संबंधी बीमारियों या अन्य इमरजेंसी स्थितियों में तुरंत जांच हो सकेगी। डॉक्टरों को रिपोर्ट जल्दी मिलने से इलाज में तेजी आएगी और मरीजों की जान बचाने में मदद मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को अब रात में भी सुविधा मिल सकेगीद्ध जिससे उन्हें दूर.दराज के निजी अस्पतालों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। एक्सरे रूम को बेहतर ढंग से रेनोवेट किया गया है। जिसमें पर्याप्त जगह, अच्छी रोशनी और मरीजों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा गया है। मरीज प्रीति ने कहा कि रात में एक्सरे के लिए पहले काफी दिक्कत होती थी। अब 24 घंटे सुविधा मिलने से काफी राहत मिलेगी।

**मशीन की इंस्टॉलेशन की जा रही**

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि एक्सरे मशीन शिफ्ट कर दिया गया है। मशीन को इंस्टॉल किया जा रहा है। वहीं स्टाफ को भी 24 घंटे की ड्यूटी के लिए तैयार किया गया है। कोई भी मरीज एक्सरे के लिए इंतजार नहीं करेगा। यह सुविधा शुरू होने से जींद जिले के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिलेगी। 24 घंटे एक्सरे की शुरुआत के साथ अस्पताल और अधिक मरीजों की सेवा करने में सक्षम हो जाएगा। इस नई सुविधा से मरीजों को लाभ पहुंचेगा।

## विद्यार्थी विपरित परिस्थितियों में भी मजबूत रहें

- छोटू राम किसान महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



छोटू राम किसान महाविद्यालय में मैंटल हैल्थ वैलनेस क्लब की ओर से काउंसलिंग कैंप व व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. जगबीर सिंह ने कहा कि इस कैंप को आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी विपरित परिस्थितियों में भी भावनात्मक व सामाजिक रूप से मजबूत बन सकें। वे मानसिक समस्याओं के संकोच को छोड़ जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि हमें उन विद्यार्थियों की पहचान करनी है जो किसी न किसी दबाव में है ताकि उन की समस्या को जाना जा सके ओर उसका समाधान किया जा सके। कॉलेज की नेशनल टास्क फोर्स के नोडल ऑफिसर व समाजशास्त्र के प्राध्यापक डा. संजय खर्ब ने छात्रों को कहा कि काउंसलर आपको यह नहीं बताते कि आपको क्या करना है या आपके सभी सवालों के जवाब नहीं देते। इसके बजाय वे आपको अपने विचारों और भावनाओं को समझने में मदद करते हैं। हमें यदि किसी भी मानसिक समस्या का सामना करना पड़े तो उसे मन में नहीं रखना है उसको तुरंत कॉलेज में नियुक्त नोडल अधिकारी के सामने रखना है ताकि उस समस्या के समाधान पर कार्य किया जा सके। इस अवसर पर प्रो. विनोद गिल, डा. रविंदर व कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। वहीं महाविद्यालय में इंटर्नशिप वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया। नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक डिग्री प्राप्त करने हेतु इंटर्नशिप अनिवार्य है। इंटर्नशिप सेल प्रभारी सुशील शर्मा ने बीए, बीकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र व छात्राओं को इंटर्नशिप करने हेतु सारी प्रक्रियाओं से अवगत करवाया।



जींद। ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के समापन पर मौजूद प्रशिक्षणार्थी।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

जींद। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद में 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान निदेशक सुखबीर दहिया उपस्थित रहे। इस मौके पर दहिया ने महिलाओं के जीवन में सुंदरता का क्या महत्व है व आप अपना ब्यूटी पार्लर का काम शुरू करते है तो अपना कार्य शुरू करने से पहले आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना है व किस प्रकार अपने कार्य को धीरे-धीरे किस प्रकार से आगे बढ़ाना है इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस प्रशिक्षण के उपरांत महिलाएं अपना काम शुरु कर सकती हैं। इस प्रकार महिलाएं अपना कार्य शुरू करके अपनी व अपने परिवार की जीवन शैली में सुधार करेंगी।

### सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से तनाव, एकाग्रता में कमी : नरेश जागलान

जींद। महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से माइंड मैनेजमेंट विषय पर सेमिनार हुआ। सेमिनार में सकारात्मक मनोस्थिति, डिजिटल डिटॉक्स और मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान ने शिरकत करते प्रेरणादायक विचार सांझा किए। कहा कि आज की तेज रफ्तार डिजिटल दुनिया में मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने जहां जीवन को सरल बनाया है वहीं अत्यधिक उपयोग से तनाव, चिंता, एकाग्रता में कमी और मानसिक असंतुलन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। नरेश ने कहा कि माइंड मैनेजमेंट केवल सोच को नियंत्रित करने का माध्यम नही बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने की एक प्रभावी कला है।

### लोधर स्कूल के तीन छात्रों ने उत्तीर्ण की परीक्षा

उचाना। शिक्षा विभाग द्वारा घोषित एनएमएमएस परीक्षा के परिणाम में पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोधर के तीन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते उत्तीर्ण किया। प्राचार्य बटुकेश्वर दत्त ने मनसु पुत्री चांदीराम, निशु पुत्री जंगीर सिंह, शुभम पुत्र शलिंद्र को मेडल पहना कर सम्मानित करते शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों के कक्षा प्रभारी गगनदीप सिंह ने विद्यार्थियों को 1100-1100 रुपए की राशि से सम्मानित किया। विज्ञान अध्यापक बलिंद्र गिल ने बताया कि उत्तीर्ण बच्चों को शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 4 वर्षों तक 48 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। एसएमसी प्रधान व सरपंच प्रतिनिधि मंदीप कुमार ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। बायोलॉजी प्रवक्ता नसीब सिंह ने कहा कि एनएमएमएस, बुनियाद, सुपर 100 जैसी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रतियोगिता परीक्षा है।




एसडीएम रमित यादव को सम्मानित करते उचाना सेवा ग्रुप सदस्य।



श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोधर में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

### हर जरूरतमंद की सुनवाई होगीः यादव

उचाना। उचाना उपमंडल कांफ्रेसहॉल में आयोजित सम्मान समारोह में उचाना के नवनियुक्त एसडीएम रमित यादव ने कहा उनकी प्राथमिकता उचाना के प्रत्येक जरूरतमंद नागरिक की सुनवाई ध्यान पूर्वक की होगी। एलपीजी गैस सिलेंडर से संबंधित कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। शिक्षाविद रामचंद्र अत्री ने उचाना की ओर से स्वागत किया और कहा कि उचाना सेवा ग्रुप उनके साथ बिना किसी भेदभाव के वास्तविक जरूरतमंद और उचाना की प्रतिभाओं के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में कार्य करता रहेगा। ग्रुप संयोजक मा. रामप्रसाद द्वारा अब तक ग्रुप द्वारा पूर्व में किए कार्यों से अवगत करवाया भविष्य में भी सकारात्मक सोच के साथ प्रशासन के साथ मिलकर सेवाएं प्रदान करने का अपना संकल्प दोहराया। साहित्यकार रामफल खटकड़, पं.देशराज आदि मौजूद थे।

### एसडीएम ने किया मंडी का दौरा

उचाना। हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में गेहूं की आवक शुरू होने लगी है। अब तक 6 हजार क्विंटल के आस-पास गेहूं आ चुकी है। गेहूं की खरीद को लेकर व्यवस्थाओं को जाने के लिए एसडीएम रमित यादव, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग पहुंचे। मार्केट कमेटी अधिकारी, कर्मचारी साथ में मौजूद रहे। यहां पर गेहूं की खरीद सहित अन्य प्रक्रियाओं की जांच एसडीएम द्वारा की । सुरेंद्र ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई किसान, आढ़ती, मजदूरों के हितों के लिए कार्य किए जा रहे है। गेटपास, बायो मेट्रिक का सिस्टम सहित जो भी प्रक्रिया है उनको जांचा जो सही मिली। गेहूं के सीजन में कोशिश है कि किसी तरह की कोई परेशानी न हो। पहले जो गेहूं की मंडी में एंट्री का नियम था सुबह 8 से शाम 6 बजे तक उसमें बदलाव करते अब 24 घंटे के निर्देश सीएम नायब सिंह सैनी ने कर दिए है।



हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम रमित यादव।



जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### एनएमएमएस परीक्षा में हरनामपुरा स्कूल प्रथम

जींद। नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें राजकीय माध्यमिक विद्यालय हरनामपुरा के विद्यार्थियों ने फिर लहराया परचम। विद्यालय ने संख्यात्मक एवं गुणात्मक आधार पर खंड में प्रथम तथा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। सर्वाधिक छह विद्यार्थियों ने यह छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करके खंड में टॉप एवं जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र जसविंदर ने 122 अंक लेकर नरवाना खंड में टॉप किया। जसविंदर, कमलदीप, स्वाति, प्रिंस, तमन्ना, संजना ने परीक्षा उत्तीर्ण की। मुख्याध्यापक अनन्तपाल नैन ने बताया कि जिले में 2714 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें से 137 विद्यार्थियों को सफल घोषित किया गया। सर्वाधिक छात्रवृत्ति प्राप्त करके विद्यालय ने लगातार तीसरी बार खंड स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।



उचाना। अनाज मंडी में जन्म दिन का केक काटते चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।

### चेयरमैन ने मजदूरों संग मनाया जन्मदिन

उचाना। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने अपना जन्म दिन अनोखे तरीके से मनाया। हाइवे स्थित अनाज मंडी पहुंच कर किसान, मजदूरों एवं आढ़ती के साथ जन्म मनाते केक काटा। चेयरमैन ने कहा कि किसान, मजदूरों एवं आढ़तियों के साथ जन्म दिन को मनाया है। फसल का सीजन चल रहा है वो किसान परिवार से है ऐसे में वो अनाज मंडी में फसल के सीजन को लेकर प्रबंधों का जायजा लेने पहुंचे थे। यहां पर जन्म दिन को आढ़तियों, किसानों एवं मजदूरों के बीच मना कर अलग सा अहसास हुआ।

## महाबीर मंगलपुर सचिव, राजेश दरोली एवं रोहताश ढाकल उप प्रधान नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



सर्व जातीय दाड़न खाप चबूतरा पालवां पर खाप की मीटिंग हुई। अध्यक्षता प्रधान रणधीर श्योकंद ने की। मीटिंग में खाप की कार्यकारिणी का विस्तार के साथ सलाहकार कमेटी बनाई । जो भी कार्य भविष्य में होंगे उसमें सलाहकार कमेटी से विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यकारिणी विस्तार में महाबीर मंगलपुर को सचिव, सुखबीर झील को सह सचिव, राजेश दरोली खेड़ा एवं रोहताश ढाकल उप प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी। सलाहकार समिति में जिले सिंह पालवां, राजकुमार डूमरखा कलां, रामफल काकड़ोद, रमेश मखंड, रामधन घसो, जगमिंद्र खेड़ी मंसानिया, प्रेम सिंह झील, बाबर बडऩपुर, जयप्रकाश जाजनपुर, बिछाराम डूमरखा खुर्द को शामिल किया गया। रणधीर श्योकंद ने कहा कि खाप के गांव का जो भी बेटा, बेटी हरियाणा एवं अन्य राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में प्रथम आएंगे एवं जो किसी भी पद पर चयनित होगा उसे खाप के चबूतरे पर सम्मानित किया जाएगा। खाप गांव-गांव जाकर लोगों को नशा, कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराईयों से बचने के लिए प्रेरित करेगी। खाप-पंचायत निरंतर समाज को जोडऩे का काम करती है।ये आज से नहीं बल्कि सदियों से समाज में खाप-पंचायतों का महत्व रहा है। बड़े-बड़े मामलों को खाप-पंचायतें सुलझा कर भाईचारा बनाती है। राजकुमार, रामधन घसो, पूर्व प्रधान सूरजभान, दलबीर खेड़ी मंसानिया, बाबर बडऩपुर, दलबीर उचाना खुर्द, रमेश नंबरदार, मिया सिंह जाजनपुर, लखविंद्र सरपंच सुंदरपुरा मौजूद रहे।



जींद। बैठक को संबोधित करते रिषिपाल हैबतपुर। फोटो :हरिभूमि

## नाकामियों को छिपाने के लिए नए नियम थोप रही सरकार : हैबतपुर

- किसान-आढ़ती परेशान, आंदोलन करने के लिए हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए आये दिन ऐसे नये-नये नियम लेकर आ रही है जिससे लोग कागजो की प्रक्रिया में उलझे रहे। भाजपा सरकार को सही मायने में जनता के हितो से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए ऐसे काम कर रही है जिसके चलते जनता जनार्दन को आंदोलन का रास्ता इख्तियार करना पड़ रहा है। महंगाई, भ्रष्टाचार और अपराध पर लगाम लगाने की बजाये सरकार जनता पर कुठाराघात किये जा रही है। कांग्रेस जिला प्रधान शनिवार को पार्टी के जिला मुख्यालय में मासिक बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान अपना संबोधन दे रहे थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि अनाज मंडियों में किसान और आढ़ती दोनों ही रोष से भरे हुए है। नए नियमों के तहत पहले किसान का ट्रैक्टर नंबर और फोटो चाहिए और गेहूं उतारने के बाद बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाना अनिवार्य होगा।

### मंडियों में व्यवस्था के झूठे दांवे कर रही सरकार

गेहूं का सीजन शुरू होगा तब हजारों ट्रॉलियां मंडी में आएंगी। किसान खेत में गेहूं कटने के बाद तूड़ा बनाने में व्यस्त रहता है और उसके पास सीजन में इतना समय नहीं होता कि वह इन जटिल प्रक्रियाओं का पालन कर सके। ऐसे में सरकार किसानों पर नये नियम थोंपने की बजाये ऐसा सरल रास्ता इख्तियार करें जिससे अन्नदाताओं को जरा सी भी परेशानी ना झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार मंडियों में व्यवस्था के झूठे दांवे कर रही है। अनाज मंडियों में फैली अव्यवस्था से किसान और आढ़ती परेशान है। यह बात स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर लागू होने जा रही हैए इसके लिए संगठन के पदाधिकारी बुथ स्तर पर एजेंट बनाने में संजीदगी दिखाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जो ओच्छे तरीके अपना रही है उसका डट कर मुकाबला करना होगा। जन हित में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को बुथ स्तर पर पूरी निष्ठा और साहस के साथ मोर्चा संभालना होगा। इस मौके पर सोनीपत लोकसभा सांसद प्रतिनिधि वजीर गंगोली, संगठन महासचिव पवन दुहन, जिला उपाध्यक्ष राममेहर, जिला उपाध्यक्ष राजू लखीना, ईशाक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ऑपरेशन मुस्कान के तहत बिछड़ों को परिवार से मिला रही

# ढाई साल के मासूम को ढूंढकर पिता को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



आपरेशन मुस्कान के तहत ढाई वर्षीय बच्चे रक्षित को उसके पिता को सौंपते हुए।

जिलेभर में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत जींद पुलिस निरंतर बिछड़े हुए मासूमों को उनके परिवारों से मिलाने का कार्य कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को थाना जुलाना के अंतर्गत आने वाली मंडी चौकी पुलिस ने मात्र अढाई साल के मासूम बच्चे को सुरक्षित ढूंढ कर उसके परिजनों को सौंपने का काम किया। मामले की जानकारी देते हुए जुलाना मंडी चौकी इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि ब्राह्मणवास निवासी फूलकुमार जो पेशे से प्लंबर हैं का अढाई वर्षीय पुत्र रक्षित अचानक घर से लापता हो गया था। बच्चे के गायब होने से पूरे परिवार में हड़कंप मच गया और परिजनों का बुरा हाल था। बच्चे के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान सोशल मीडिया पर बच्चे के संबंध में सूचना प्रसारित की गई। सूचना मिलते ही मंडी चौकी जुलाना इंचार्ज अपनी टीम के साथ सक्रिय हुए और स्थानीय लोगों की सहायता से कन्या गुरुकुल जुलाना के पास बच्चे को सुरक्षित अपने संरक्षण में ले लिया। जब पीड़ित पिता फूलकुमार को सूचना मिली कि उनका बेटा पुलिस के पास सुरक्षित है तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रक्षित को उसके पिता को सौंप दिया। अपने जिगर के टुकड़े को दोबारा अपनी गोद में पाकर पिता और अन्य परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। बच्चे के पिता फूल कुमार ने जिला पुलिस और विशेषकर जुलाना पुलिस टीम व स्थानीय निवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा परिवार बहुत दुखी था और हम चारों तरफ भटक रहे थे।

**डायल 112 पर सूचित करें**

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान हरियाणा पुलिस का एक बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण अभियान है। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी मासूम अपने परिवार से दूर न रहे। जींद पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी कोई लावारिस बच्चा दिखाई दे तो तुरंत डायल 112 या नजदीकी पुलिस थाना अथवा चौकी को सूचित करें ताकि समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें।

## खबर संक्षेप

### पीओ पकड़ो स्टाफ ने 2 भगौड़े पकड़े

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रणदेव सिंह द्वारा आरोपी फतेहपुर निवासी रघबीर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को पुण्डरी पुलिस द्वारा 3 जुलाई 2021 नई अनाज मंडी पूंडरी से सरेआम सट्टाखाइवली करते हुए 3090 रूपये सट्टा राशि सहित काबू किया गया था। थाना पूंडरी में दर्ज उक्त मामले में आरोपी न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ, जिसे माननीय न्यायालय द्वारा 19 अप्रैल 2025 को पीओ घोषित किया गया था।

### एसडीएम ने किया मंडियों का निरीक्षण

**कैथल।** रबी फसल खरीद सीजन के मद्देनजर एसडीएम संजय कुमार ने कैथल अनाज मंडी सहित अन्य मंडियों का औचक निरीक्षण कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल की खरीद रोजाना आधार पर सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया में सरकार द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों का पालन किया जाए।

### चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग ने लगाई प्रदर्शनी

# नेशनल एजुकेशन पॉलिसी का लक्ष्य छात्राओं में स्किल डेवलप करना

**सभी वरिष्ठ प्राध्यापकगणो ने छात्राओं के अनेक कौशलों को खूब सराहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पुंडरी के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह व चौधरी तेजवीर सिंह के आशीर्वाद स्वरुप गृह विज्ञान विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला एवं मुख्य अतिथि धर्मपाल प्रिंसिपल, गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुंडरी द्वारा किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने गृह विज्ञान विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राओं में छुपे कौशल एवं हुनर को निखारा एवं सवारा गया है। उन्होंने बताया कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी का लक्ष्य है छात्राओं में स्किल डेवलप करते हुए उन्हें रोजगार दिलाना है।

प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि धर्मपाल प्रिंसिपल, गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुंडरी ने छात्राओं की क्रिएटिविटी को सराहते हुए कहा कि कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह के आशीर्वाद से कॉलेज में कार्यरत अध्यापगण अपने अद्भुत प्रयासों से उनकी आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि दे रहे है। छात्राओं द्वारा बनाए गए नमूने एवं आर्टिकलस बहुत ही सुंदर एवं पर्यावरण के अनुकूल तकनीक द्वारा तैयार किये गए थे जिनकी उन्होंने भूरी-भूरी प्रशंसा की। विभाग की अध्यक्षा डॉ. निधि ने बताया की प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्राओं द्वारा प्रैक्टिकल के दौरान सिखाई एवं बनाई गई वस्तुओं का प्रदर्शन करना है।

डॉ. निधि ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के सभी सदस्यों डॉ. अनु, निशा, सुशीला का विशेष योगदान रहा। प्रदर्शनी में उपस्थित वरिष्ठ प्राधापिका डॉ. अमिता राणा ने विभाग एवं छात्राओं की खूब सराहना की।

सभी वरिष्ठ प्राध्यापकगणो द्वारा छात्राओं के अनेकों कौशलों को खूब सराहा गया।



पूंडरी। मुख्य अतिथि प्रिंसिपल धर्मपाल को पौधा देकर सम्मानित करते कॉलेज स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

#### सिलाई, डिजाइनिंग करने की अद्भुत कलाएं सिखाई

डॉ. निधि ने बताया कि छात्राओं को प्रैक्टिकल्स के दौरान ब्लॉक प्रिंटिंग ,स्टैंसिल प्रिंटिंग, हैंड पेंटिंग, कपड़े पर रंगाई (टाई एंड डाई) कसीदाकारी, सिलाई, डिजाइनिंग करने की अद्भुत कलाएं सिखाई गई है इन सभी कलाओं का इस्तेमाल करते हुए छात्राओं ने बेडशीट, मेजपोश, कुशन कवर, लेडीज कुर्ती, दुपट्टे ,बैग्स, बच्चों की फ्रॉक, आदि आर्टिकल्स तैयार किये जो छात्राओं को रोजगार की दिशा में नए-नए आयाम देती हैं इन तकनीकों के के साथ-साथ छात्राओं को वैल्यू एडिशन सिखाया गया जिससे वह अपने आर्टिकल को ग्लोबल लेवल पर पहुंचने का प्रयास कर सकेंगे।

#### ये रहे मौजूद

प्रदर्शनी मे वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गीता जैसवाल, डॉ. विनय खुरानिया, डॉ. प्रेमलता, श्रीमती सुशीला, डॉ. वंदना हुड्डा, डॉ. रीना गोरा, डॉ. सोनिया दहिया, डॉ. पुष्पा, श्रीमान विनेश वालिया विशेष तौर पर उपस्थित रहे।



कैथल। प्राचार्य डा. मनोज भांभू विभागीय न्यूज लेटर आगाज का विमोचन करते हुए।

## राजकीय कॉलेज में किया विभागीय न्यूज लेटर 'आगाज' का प्रकाशन

■ लेखन और संपादन के व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डॉ. बी.आर. अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, कैथल के जनसंचार विभाग द्वारा विभागीय न्यूज लेटर 'आग़ाज़' का प्रकाशन किया गया। न्यूज लेटर का अनावरण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज भांबू द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जनसंचार विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि न्यूज लेटर विद्यार्थियों की रचनात्मकता, लेखन क्षमता तथा विभागीय गतिविधियों को मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकाशनों से विद्यार्थियों में पत्रकारिता और संचार के क्षेत्र के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक गोयल ने बताया कि 'आग़ाज़' न्यूज लेटर में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि न्यूज लेटर डॉ सुरेंद्र की देख - रेख में विद्यार्थियों द्वारा निकाला गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें लेखन और संपादन के व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना है। विभाग के प्राध्यापक सुरेंद्र शर्मा ने भी न्यूज लेटर के प्रकाशन में विद्यार्थियों के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के प्रयास विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करते हैं।

न्यूज़ लैटर के प्रकाशन में विभाग के छात्र साहिल भारद्वाज, हिमांशु सिंह, प्रीती, कोमल और जहान्वी ने अपना भरपूर सहयोग दिया। इस अवसर पर विभाग के विद्यार्थी एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार दुर्गादत्त शर्मा के पुत्र के निधन पर पूर्व मंत्री ने जताया शोक



**राजौंद।** वरिष्ठ पत्रकार दुर्गादत्त शर्मा के पुत्र शुभम शर्मा के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। दुखद घटना से राजनीतिक गैर राजनीतिक धार्मिक सगठन, सामाजिक सगठन मीडिया साथियों सहित सब ने गहरा शोक व्यक्त किया। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की और दुख की इस घड़ी में परिवार को ढांढसा बंधाया। उन्होंने कहा कि युवा अवस्था में इस प्रकार का असामयिक निधन अत्यंत पीड़ादायक है और इसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान राजनीति गैर राजनीतिक, समाजिक, धार्मिक संगठन, गणमान्य नागरिक, पत्रकार साथी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहित सभी ने दिवंगत शुभम शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शुभम शर्मा के निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है, वहीं दूर-दूर तक इस दुखद घटना पर लोग अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

## सीवन में जिला स्तरीय टेपबाल ट्रायल का पहला चरण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

जिला कैथल टेपबाल संघ द्वारा सीवन स्पोर्ट्स अकैडमी में जिला स्तरीय टेपबाल क्रिकेट ट्रायल के प्रथम चरण का सफल आयोजन किया गया। इस ट्रायल में क्षेत्र के विभिन्न गांवों व अकादमियों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संघ की सचिव रितु गंगोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रायल प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जा रही है। पहला चरण आज सम्पन्न हुआ, जबकि दूसरा चरण 12 अप्रैल रविवार को आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के पूर्ण होने के बाद जिला कैथल की लड़के एवं लड़कियों की टीम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी पहली राज्य स्तरीय जूनियर टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला कैथल का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 18 व 19 अप्रैल को सीवन के दशहरा मैदान में आयोजित की जाएगी, जिसकी तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।

रितु गंगोरिया के अनुसार, पहले चरण के ट्रायल में मदर प्राइड स्कूल चीका, स्पोर्ट्स अकैडमी प्योदा, सोगल व खरकां सहित विभिन्न स्थानों से आए करीब 60 लड़के व लड़कियों ने भाग लिया।

### विधायक आदित्य सुरजेवाला की युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सराहनीय पहल



**कैथल।** कैथल के युवा व सबसे लोकप्रिय विधायक आदित्य सुरजेवाला ने युवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और उनके रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक बेहतरीन और अनूठी पहल की है। वधवानी फाउंडेशन के सहयोग से कैथल के युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से एआई, एलएमएस एवं रोजगारोन्मुखी कौशल की फ्री ट्रेनिंग प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के तहत वधवानी फाउंडेशन की टीम को कैथल लाकर आरकेएसडी कॉलेज में युवाओं के लिए 3 महीने की विशेष फ्री ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद आज आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल में कॉलेज एवं वाधवानी फाउंडेशन के समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत "एआई, एलएमएस एवं रोजगारोन्मुखी कौशल" विषय पर एक विशेष इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन आर.के.एस.डी. कॉलेज द्वारा किया गया। यह सत्र विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था, जिन्होंने एआई एलएमएस के अंतर्गत मूलभूत रोजगारोन्मुखी कौशलों में प्रमाणन प्राप्त किया है।

## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक सहित युवक पकड़ा



**कैथल।** थाना तितरम पुलिस द्वारा तितरम मोड़ पर चेकिंग दौरान एक बीना नंबर प्लेट की बुलेट बाइक को पकड़ा गया, जांच दौरान यह बाइक चोरी की पाई गई। थाना तितरम में मामला दर्ज करके पुलिस द्वारा आगामी जांच दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना तितरम पुलिस के एचसी नरेंद्र सिंह की टीम शाम के समय तितरम मोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। प्योदा की तरफ से आई एक बुलेट बाइक के चालक को पुलिस द्वारा रुकवाया गया। जो उक्त बुलेट बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। बाइक चालक की पहचान जिला जींद के गांव सुदकैन खुर्द निवासी मंजीत उर्फ काला के रूप में हुई। जांच दौरान यह बाइक सितंबर 2024 में सोनीपत से चोरी होनी पाई गई। जिस बारे थाना सदर सोनीपत में मामला दर्ज है। चोरी की बाइक रखने के आरोप तहत थाना तितरम में मामला दर्ज करके एएसआई कुलदीप द्वारा आरोपी मंजीत को गिरफ्तार कर लिया गया।

### चोरी के मामले में आरोपी बरी

**कैथल।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी माधव मित्तल ने चोरी के एक मामले में आरोपी को दोष मुक्त करते हुए बरी कर दिया है। इस बारे में जयप्रकाश नामक व्यक्ति ने 26 जून 2021 को थाना शहर कैथल में आईपीसी की धारा 380, 411, 457 के तहत मुकदमा नंबर 345 दर्ज करवाया था। बचाव पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी एडवोकेट प्रदीप हरित ने की। जानकारी के अनुसार जयप्रकाश वासी पट्टी अफगान कैथल ने थाना शहर में शिकायत दी कि उसका एक मकान गली नंबर 2, पट्टी अफगान कैथल में भी है जिसमें कोई रहता नहीं है। इस मकान में उसका काफी सामान पड़ा हुआ है जिसकी देखभाल के लिए वह अकसर वहां आता जाता रहता है। गत 19 जून 2021 को वह अपने उस मकान की सफाई करके बाहर मेन गेट पर ताला लगा आया था। इसके बाद 25 जून 2021 को जब वह अपने उस मकान पर गया तो देखा कि मकान के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। उसने अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा हुआ मिला। मकान में रखी अनाज की टंकी से करीब 2 क्विंटल गेहूं चोरी हुई मिली। उसने अपने तौर पर पता किया तो पता चला कि तारीफ गौतम वासी सिरसा ने रात को ताला तोडकर गेहूं चोरी की है। सिटी पुलिस ने मिली शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके आरोपी तारीफ गौतम को गिरफ्तार कर लिया।और चालान अदालत के सुपूर्द कर दिया। जेएमआईसी माधव मित्तल ने दोनों पक्षों को गौर से सुनने के बाद आरोपी तारीफ गौतम को निर्दोष पाया और उसे दोष मुक्त करार देते हुए बरी कर दिया।

### गांव गदली में दिव्यांग से की मारपीट

**कैथल।** जिले के गांव गदली में एक आरोपी ने एक दिव्यांग व्यक्ति को लात मुक्कों से बुरी तरह पीटा। उसके मुंह पर मुक्के व लात मारकर दांत तोड़ दिए। आसपास के लोगों ने उसे छुड़ाया। इस संबंध में पीड़ति व्यक्ति ने शहर थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव गदली पट्टी खौत कैथल निवासी चिमन गिर ने शहर थाना में दी शिकायत में बताया कि वह दिव्यांग है और मेहनत मजदूरी करता है, उसकी एक टांग टूटी हुई है। कल रात समय करीब 10 बजे वह विनोद गिर की दुकान पर सामान लेने गया था। उस दौरान विनोद गिर ने उसके साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसने उसकी इस बात का विरोध किया, तो विनोद ने उसको लात व मुक्कों से बुरी तरह पीटा। उसके मुंह पर लात मारी और शरीर के अन्य भागों पर भी लात मुक्के मारे। उसके दांत तोड़ दिए। उसके बाद आस पड़ोस के लोगों ने छुड़वा दिया। फिर वह घर चला गया तो उसके शरीर में ज्यादा दर्द होने के कारण उसके बेटे सचिन व गोल्डी ने उसे अस्पताल में पहुंचाया और ईलाज करवाया। शिकायतकर्ता ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शहर थाना एसएचओ गीता ने बताया कि इस संबंध में पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए सतर्क रहें आमजन : अपराजिता

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई फिशिंग, फेक लिंक और अन्य ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें। क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है, साइबर अपराध को रोकने की संभावना उतना ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वेबसाइट और 1930 साइबर हेल्पलाइन उपलब्ध करवाई गई है, जहां नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। आमजन को चाहिए कि वे सतर्कता बरतें और अपने परिवार, दोस्तों को भी इसके बारे में जागरूक करें। जिला प्रशासन का उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना और उन्हें साइबर सुरक्षा की बुनियादी जानकारी देना है। डीसी ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने वित्तीय और व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रखें और किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में देरी किए बिना इसकी शिकायत करें।

### जनगणना की तैयारियां तेज

**कैथल।** जिला कैथल में प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने व्यापक स्तर पर कदम उठाए हैं। इस क्रम में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यों के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नोडल अधिकारी (जनगणना) एवं नगर मजिस्ट्रेट गुरविंदर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्य 06 अप्रैल 2026 से 22 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रशिक्षण गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और उनकी निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों में अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा को नगर परिषद कैथल, उप जिला शिक्षा अधिकारी जय भगवान को तहसील कलायत, जिला आपूर्ति अधिकारी निर्मल देवी को नगर पालिका सीवन, योजना अधिकारी बिजेंद्र सिंह को नगर पालिका पुंडरी, बीईओ गुहला सुरेंद्र कुमार को तहसील गुहला, बीईओ पुंडरी राजपाल राविश को तहसील पुंडरी, बीईओ कैथल बिमला सिरोही को तहसील कैथल, बीईओ कलायत सुरेश नैन को नगर पालिका कलायत, बीईओ सीवन अनिल छाबड़ा को नगर पालिका चीका तथा बीईओ राजौंद संदीप नैन को नगर पालिका राजौंद का कार्यक्षेत्र सौंपा गया है।

## ऑपरेशन स्माइल टीम ने महिला व दो बच्चों को परिजनों से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन स्माइल' अभियान के तहत ऑपरेशन स्माइल' पुलिस टीम द्वारा थाना पूंडरी क्षेत्र से गुमशुदा हुई महिला व उसके दो बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना पूंडरी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसकी पत्नी 27 मार्च 2026 को यह कहकर घर से निकली थी कि वह कुरुक्षेत्र जाएगी और दो दिन बाद वापस लौट आएगी। महिला अपने साथ कपड़ों का बैग और दोनों बच्चों को भी ले गई थी। निर्धारित समय बीत जाने के बाद वह घर वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया था। 'ऑपरेशन स्माइल' पुलिस टीम में शामिल पीएसआई सुमित, एसआई ईश्वर सिंह, एसआई राजेंद्र कुमार, लेडी एचसी सरोज, सिपाही मंदीप व महिला सिपाही सोनिया की टीम द्वारा करनाल रेलवे स्टेशन से उपरोक्त महिला को उसके बच्चों सहित बरामद किया गया। उपरोक्त महिला घरेलू परेशानी कारण अपने बच्चों सहित ट्रेन की मार्फत मुंबई पहुंच गई। पुलिस टीम को सूचना मिली कि किसी नेक इंसान ने उनको वापिस मुंबई से अमृतसर वाली ट्रैन में बैठा दिया। पुलिस द्वारा अपने सूचना तंत्र व तकनीकी सहायता से उक्त ट्रैन को ट्रेस किया तथा शनिवार सुबह उक्त ट्रेन में से महिला व बच्चो को बरामद किया।

### कैथल में प्रवेश उत्सव रथ से गूंजा शिक्षा का संदेश

**कैथल।** कैथल जिले में सरकारी विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन और शून्य ड्रॉपआउट के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया 'प्रवेश उत्सव रथ' लगातार शिक्षा जागरूकता का संदेश गांव-गांव पहुँचा रहा है। जिला उपायुक्त अपराजिता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया प्रवेशोत्सव रथ आज आरोही स्कूल, ग्योंग पहुँचा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनीष कुमार सिंगला के नेतृत्व में अध्यापकों और विद्यार्थियों ने रथ का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय ने शत-प्रतिशत ट्रांजीशन का लक्ष्य भी सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया, जो पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में फ्लैक्स, बैनर और पोस्टर लेकर गाँव में एक विशाल जागरूकता रैली निकाली। जिला उपायुक्त अपराजिता और जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार के मार्गदर्शन में संचालित यह रथ शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के नोडल प्रभारी कुशल कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं और विद्यार्थियों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

### मच्छरों का बढ़ता प्रकोप बना लोगों के लिए मुसीबत

**राजौंद।** क्षेत्र में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब सड़क पर निकलने वाले वाहन चालकों को मच्छरों का सामना करना पड़ता है। हालात यह हैं कि वाहन चलाते समय मच्छर आंख, नाक और मुंह में घुस जाते हैं, जिससे चालक का संतुलन बिगड़ जाता है और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। दुपहिया वाहन चालकों के लिए यह समस्या और भी गंभीर बन गई है। कई लोग बचाव के लिए हेलमेट का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन जो बिना हेलमेट के निकलते हैं, उनके लिए यह स्थिति बेहद जोखिम भरी साबित हो रही है।

## खरौदी से 15 किलो अफीम के पौधों सहित आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा गांव खरौदी से मकान के पीछे अफीम की खेती करने वाले आरोपी को काबु कर लिया गया। जिसके कब्जे 15.130 किलोग्राम अफीम के पौधे बरामद किए गये।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएआई तरसेम की टीम सांयकालीन गश्त दौरान बस अड्डा खरौदी पर मौजूद थी। जहां उन्हें सहयोगी सूत्रों से गुप्त जानकारी मिली कि, गांव खरौदी निवासी गगनदीप उर्फ गगन अपने मकान के पीछे नशीला पदार्थ डोडापोस्त (अफीम) की खेती किए हुए है। उसके मकान पर दबिश देकर उसे काबू किया जा सकता है तथा उसके मकान के पीछे से अफीम फसल बरामद की जा सकती है। पुलिस द्वारा तत्परता व मुस्तैदी का परिचय देकर गांव खरौदी में उक्त मकान पर दबिश देकर संदिग्ध गगनदीप उपरोक्त को काबु कर लिया गया। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंचे पुलिस उप-अधीक्षक कुलदीप बेनीवाल के समक्ष नियमानुसार कार्रवाई के तहत की जांच दौरान मकान के पीछे उगाए गई डोडापोस्त (अफीम) फसल बरामद हुई।

**योजना** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक से मिले मंच के जिला अध्यक्ष

# बच्चों के लिए करियर गाइडेंस और जागरूकता शिविर होंगे आयोजित

■ छोटू राम विचार मंच और पुलिस संयुक्त रूप से चलाएंगे अभियान : ढुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस मनप्रीत सिंह सूदन के कार्यालय में दीनबंधु सर छोटू राम विचार मंच के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ढुल में शिष्टाचार भेंट की और कैथल में बतौर एसपी कार्यभार ग्रहण करने पर दीनबंधु छोटू राम की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मंच द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न सामाजिक उत्थान के कार्यों से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ढुल ने बताया कि मुख्य रूप से किसान एवं खेतीहर मजदूर के उत्थान, समरसता एवं सद्भावना, नशा एवं अपराध को रोकने, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण एवं समग्र ग्रामीण विकास, बच्चों को नशा मुक्ति से लेकर कैरियर गाइडेंस और जागरूकता अभियान आदि कार्यक्रमों से रूबरू करवाया।मंच द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक उत्थान के कार्यो से प्रभावित पुलिस अधीक्षक ने संस्था की प्रशंसा की और उनके सहयोग से जिले में कैथल पुलिस और छोटू राम विचार मंच द्वारा नशे एवं अपराध के बारे में सेमिनार आयोजित करने की सलाह दी, जिसमें युवाओं को नशे से दूर रहकर उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़ाया जा सके और जीवन में सार्थक मूल्य का समावेश हो सके। विचार मंच के शिष्टमंडल ने कहा कि नशा एवं अपराध मनुष्य को निष्क्रिय कर देता है, परिवार पतन की ओर चला जाता है। छोटू राम विचार मंच के शिष्टमंडल ने पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह का स्वागत किया और निर्णय लिया कि भविष्य में मिलकर एक अभियान चलाएंगे। इस बैठक में सामाजिक उत्थान, युवा कल्याण की दिशा में काफी सार्थक परिणाम आने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर वी.के. राणा, कर्म सिंह कादियान, ओम प्रकाश मनरेगा प्रधान, बंसीलाल, किसान नेता जसवंत संधू, शमशेर सिंह पूर्व सरपंच, अजमेर सिंह पूर्व सरपंच, कृष्ण पाड़ला, सुरेश बिंदलिश इत्यादि पदाधिकारी मौजूद रहे।



एसपी मनप्रीत सिंह सूदन

**खबर संक्षेप**

### गांव खरोदी में आयोजित किया गया रेडीनेस मेला

**गुहला-चीका।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खंड गुहला के गांव खरोदी के आंगनबाड़ी केंद्र में बने प्ले स्कूल में रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया। इस रेडीनेस मिले के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के मध्य नजर विभिन्न एक्टिविटी गतिविधियां करवाई गई, जिसमें बच्चों ने रुचि दिखाते हुए इस मेले में अपनी भागीदारी ली। विभाग की सुपरवाइजर दीप्ति ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को प्ले स्कूलों के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों और उनके माता-पिता ने भाग लिया।

### नर्सरी में दाखिले के लिए कुश्ती ट्रायल आज

**जुलाना।** क्षेत्र के गांव किलाजफरगढ़ और ब्राहमणवास गांव में खेल नर्सरी में कुश्ती का ट्रायल किया जाएगा। ट्रैनर पवन कुमार और सुनील कुमार ने बताया कि ट्रायल में 8 साल से 19 साल तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। ट्रायल में पास होने वाले बच्चों को आठ साल से 14 सात तक 1500 रूपये और 14 से 19 वर्ष तक के बच्चों को 2000 रूपये मासिक भत्ता दिया जाएगा। नर्सरी में दाखिले के बाद सुबह शाम अभ्यास करना अनिवार्य है। सुनील कुमार ने कहा कि नर्सरी में आने वाले बच्चों को खेल की ओर लेकर जाना और अच्छे खिलाड़ी बनाना ही केवल उद्देश्य है।

### दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से की मारपीट

**कैथल।** कैथल जिले के सदर थाना के तहत आने वाले एक गांव में करीब 25 वर्षीय विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। पति ने दहेज में रुपए की मांग करते हुए विवाहिता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में विवाहिता ने सदर थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। 2022 में हुई थी शादी विवाहिता ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2022 में उसकी शादी आजाद नामक युवक के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद तक उसे ठीक-ठाक रखा गया, लेकिन बाद में उसका पति उसके साथ मारपीट करने लगा। उससे दहेज के रूप में बार-बार रुपए लाने के लिए कहता था।

आढ़तियों ने पहले मीटिंग कर खरीद के बनाए नियमों पर जताया रोष

# नए नियमों के विरोध में उचाना मंडी गेट पर आढ़तियों ने लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना



**जींद।** मंडी गेट पर ताला लगा नारेबाजी करते हुए आढ़ती।

गेहूं खरीद को लेकर जो नियम सरकार ने बनाए है उसको लेकर किसानों, आढ़तियों को जो नए नियम बने है उसको लेकर गुस्सा कम नहीं हो रहा है। शनिवार दोपहर कपास मंडी में आढ़ती एकत्रित हुए। यहां पर जो नए नियम गेहूं की खरीद को लेकर बनाए गए है उस पर विरोध प्रकट करते हुए रोष जाहिर किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर नए नियमों को तुरंत प्रभाव से रदद करने की मांग की गई। उचाना मंडी गेट पर ताला लगा कर रोष प्रकट किया। आढ़तियों ने कहा कि जब तक जो नए नियम है वो रद्द नहीं होते अनिश्चित कालीन हड़ताल रहेगी। पूर्व मंडी प्रधान बलराज श्योकंद ने कहा कि सरकार जो गेहूं खरीद को लेकर कानून लेकर आई है उससे गेहूं उन कानूनों पर बिक नहीं सकती है। छह महीने की फसल जब किसान एक सप्ताह में बेचता है तो ये बिक नहीं सकता। किसान बार-बार मंडी नहीं आ सकता। किसान ट्रैक्टर-ट्राली को खेत से भेज देता है। ट्रैक्टर वाला गेट पास कटवा कर आढ़ती को दे देता है। साइट बंद हो गई तो काफी समय लग जाएगा। जो नए नियम है उसके तहत हर चक्कर में किसान को आना होगा। पहले किसान का ट्रैक्टर नंबर, फोटो चाहिए। उसके बाद में फिर गेहूं उतरने के बाद अंगूठा बायो मेट्रिक मशीन पर लगेगा। किसान खेत में गेहूं कटने के बाद तूड़ा बनाने लग जाता है किसान के पास सीजन में समय नहीं होता। पहले जो नियम था वो सही था किसान भी अपनी गेहूं बेच कर आराम से चला जाता था। नए नियम से जाम लग जाएगा जिससे हाइवे सहित सभी मार्ग बंद हो जाएंगे। सरकार गेट पर खड़ी होकर देखे तो पता चल जाएगा जो नियम बनाया है वो सही है गलत है। मंडी प्रधान विकास पंघाल ने कहा कि जो गेहूं की खरीद को लेकर जो नया नियम सरकार लेकर आई है उसको लेकर किसानों, आढ़तियों ने विरोध प्रदर्शन किया है। मंडी गेट पर ताला आढ़तियों ने लगाया है। इस मौके पर दलबीर श्योकंद, वीरेंद्र प्रधान, अनूप सहरावत, सुरेश, कुलदीप, वजीर बधाना, पोनी मौजूद रहे।

**चार घंटे में कट रहा एक गेट पास**

जो नए नियम है उससे गेट पास कटते समय किसान का साथ होना जरूरी है जिसकी फसल है चार-चार घंटे में एक-एक गेट पास कट रहा है। नंबर प्लेट जरूरी कर दी। इस हिसाब से तो छह महीने तक गेहूं का सीजन चलेगा। एक गेट पास दो घंटे में कट रहा है। साइट नहीं चलती नेट बंद रहता है। 20 लाख गेहूं के बैग मंडी में आएंगे जिससे सीजन 6 महीने चलेगा।

## साइबर ठगों ने फोन हैक कर अकाउंट से निकाले 18 लाख



**जुलाना।** नई अनाज मंडी में आढ़तियों और किसानों द्वारा सरकार के नए नियमों के विरोध में शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते मंडी में कामकाज पूरी तरह ठप रहा और खरीद प्रक्रिया प्रभावित रही। आढ़तियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में किसानों ने भी धरने में भाग लेकर सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। धरने को संबोधित करते हुए ढांडा खाप के पूर्व प्रधान नरेश ढांडा ने कहा कि अगर दो दिन तक बायोमीट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाने के नियम को वापस नही लिया गया तो वो दो दिन बाद अपना अंगूठा काटकर मुख्यमंत्री को भेजेंगे। धरने की अध्यक्षता आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन लाठर ने की। इस दौरान उन्होंने सरकार पर किसानों और आढ़तियों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। पवन लाठर ने कहा कि बिना जमीनी हकीकत को समझे नए.नए नियम लागू किए जा रहे हैंए जिससे मंडी व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट अनिवार्य करना और बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करना पूरी तरह अव्यवहारिक निर्णय हैए जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आगे बताया कि मंडी का समय सुबह छह बजे से शाम 8 बजे तक निर्धारित करना भी किसानों के हित में नहीं है। अधिकांश किसान रात के समय कंबाइन मशीन से फसल कटवाते हैं और उसी समय अपनी उपज मंडी में लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में समय सीमा तय करने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। आढ़तियों ने इन फैसलों को तुगलकी फरमान बताते हुए सरकार से इन्हें तुरंत वापस लेने की मांग की। धरने को समर्थन करने के लिए पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने गलत नीति बनाई है।



### नए नियमों के खिलाफ इनेलो ने किया विरोध-प्रदर्शन

**कैथल।** अनाज मंडी में सरकार की गेहूं खरीद तुगलकी फरमान के खिलाफ इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष अनिल तंवर की अध्यक्षता में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद इनेलो की ओर से मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र खोला गया। प्रदर्शन की अगुवाई इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने की। भारी संख्या में इनेलो कार्यकर्ता मंडी में इकट्ठे हुए और किसानों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गेहूं खरीद के मामले में ऐसी नीति बनाई है, जिससे किसान हताश और निराश है। किसानों पर तरह तरह की नई शर्तें लगा दी गई हैं। ट्रैक्टर का नंबर लगाना होगा और बॉयोमैट्रिक सिस्टम अपनाना होगा। ये भी कहा है कि किसानों के फोटो भी उतरेंगे। रामपाल माजरा ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर इनेलो ने सीएम और गवर्नर से बातचीत की, तब जाकर किसानों को कुछ राहत दी गई है। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल खोला गया है, जिससे पता चलता है कि इनेलो ने आवाज बलुंद की, तो सरकार ने किसानों को राहत दी है।

### नए कानूनों के विरोध में गरजे किसान



**अलेवा।** प्रदेश सरकार द्वारा मंडियों में किसानों पर फसल बेचने को लेकर थोपे जा रहे नए कानूनों को रद्ध करवाने लेकर किसान तथा आढ़तियों ने हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अलेवा अनाज मंडी के मुख्य गेट पर ताला लगा कर तथा नगूरां खरीद केंद्र पर धरना देकर विरोध जताया। अलेवा धरने की अध्यक्षता मंडी प्रधान गोविंद लोहान तथा नगूरां में धर्मपाल प्रधान ने की। धरने में मुख्य रूप से भारतीय किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कोथ पहुंचे। इस दौरान नए कानूनों को रद्ध करवाने को लेकर किसानों तथा आढतियों ने मुख्य मांगों को लेकर अलेवा थाना प्रभारी रामकुमार तथा नायब तहसीलदार उचाना अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कोथ ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों के हितों और देश की खाद्य सुरक्षा को अमेरिका को सौंप रही है। केंद्र सरकार के द्वारा जो ट्रेड डील की गई है, उस से किसान बर्बादी की कागार पर आ जाएगा। नायब सैनी सरकार पर धान खरीद में बड़े घोटाले को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय सरकार किसानों को अपनी फ सल बेचने के लिए अनुचित और दमनकारी शर्तें थोंप रही है।सभी किसानों की फ सल अंदर जाने दो गेट पास काटने दो हमें केवल फसल बिकवानी है। इसके लिए किसानों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

## जनता की मूल समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकताः सतपाल जांबा

**विधायक ने कार्यालय पर जनसुनवाई में आमजन से किया सीधा संवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी


**पूंडरी।** कार्यालय में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते विधायक सतपाल जाम्बा।

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल जाम्बा ने आज अपने कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जनसेवा उनके जीवन का मूल उद्देश्य है और क्षेत्र की जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से निपटान किया जाए। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के अपार सहयोग, विश्वास और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यही समर्थन उन्हें और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## वेदांता स्कूल में जेनिथ फाउंडेशन कोर्स का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



**जींद ।** फाउंडेशन कार्यक्रम शुभारंभ करते स्टाफ सदस्य। *फोटोः हरिभूमि*

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द द्वारा कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों के लिए वेदांता जेनिथ फाउंडेशन कार्यक्रम का भव्य एवं सफल शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक भव्य प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गयाए जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक एवं हर्षोल्लासपूर्ण रहा। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यालय की चेयरपर्सन शीला देवी एवं चेयरमैन रवि श्योकंद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर ने पूरे समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। इसके पश्चात वेदांता ज़ेनिथ फाउंडेशन की विस्तृत योजना पर आधारित एक प्रस्तुति दी गई। जिसमें कार्यक्रम के उद्देश्य, संरचना तथा विद्यार्थियों को मिलने वाले लाभों की जानकारी साझा की गई। प्रस्तुति के माध्यम से बताया गया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से मजबूत शैक्षणिक आधार प्रदान करेगा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर प्रदीप नैन ने अपने संदेश में कहा कि यह फाउंडेशन कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित अध्ययन और नियमित अभ्यास के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रिंसिपल वीना दारा ने अपने संदेश में कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से निर्धारित कर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को गणित एवं विज्ञान का उच्च गुणवत्ता वाला अध्ययन सामग्री कोटा से उपलब्ध कराया जाएगा।

**विशेष कोचिंग मिलेगी**

फाउंडेशन के अंतर्गत विद्यार्थियों को मजबूत आधार तैयार कराया जाएगा तथा उन्हें विभिन्न ओलंपियाड्स जैसी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग प्रदान की जाएगी। विद्यालय का मुख्य संदेश है कि हम अपने प्रत्येक विद्यार्थी को सफलता के शिखर तक पहुंचाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वेदांता जेनिथ फाउंडेशन की शुरुआत की गई हैए जो विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

## सूर्यकुंड मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल


**कैथल ।** महंत त्रिवेणी दास पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

माता गेट स्थित सूर्यकुंड डेरे में साधु समाज ने मंदिर की जमीन पर अवैध रुप से कब्जा करने का आरोप लगाया है। साधु समाज के लोगों का आरोप है कि एक अखाड़ा संचालक पिछले करीब 40 से 45 साल से करीब 3 कनाल जमीन पर अवैध रुप से कब्जा करे हुए है। यही नहीं इस संचालक ने कब्जा की हुई डेरे की जमीन पर कुछ दुकानें और कमरे बनाए हैं। जिन्हें प्रवासी मजदूरों को किराए पर दे रखा है। आरोप लगाया कि इस जमीन भैरो बाबा का मंदिर भी है और वे इस कारण पूज नहीं कर पा रहे हैं। महंत रमनपुरी ने कहा कि पहले अखाड़ा संचालक से समझौते के हिसाब से बातचीत की गई, लेकिन वे उल्टा धमकी दे रहे हैं। संचालक का कहना है कि जमीन की गिरादवरी उसके नाम है, लेकिन उसका कहना गलत है। ऐसा कुछ भी सबूत जमीन को लेकर संचालक के पास नहीं है। रमनपुरी ने बताया कि जमीन के अवैध कब्जे को लेकर पुलिस में भी शिकायत दी है। यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी 25 अप्रैल को साधु समाज को एकजुट किया जाएगा। कहा कि जमीन मंदिर की है, जिस पर लंबे समय से डेरे का अधिकार रहा है, लेकिन अब पिछले कुछ साल से अखाड़ा संचालक द्वारा इस पर कब्जा किया है। इस बारे में आश्रम में एक कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री को भी जानकारी दी थी। महंत त्रिवेणी दास ने चेतावनी देकर कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि वे हिंदूत्व वादी है। जबकि लोग कहते ही साधुओं की सरकार चल रही है, लेकिन यहां पर साधुओं से ही अन्याय किया जा रहा है। कहा कि वे अपने मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जों के विरूद्ध ही आवाज उठा रहे हैं।

**100 साल से चल रहा अखाड़ा**

वहीं दूसरी ओर अखाड़ा संचालक हरी सिंह ने मंहत द्वारा लगाए इन आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि जिस जमीन पर महंत अवैध कब्जे की बात कर रहे हैं। वह जमीन पट्टी अफगान पंचायत के नाम है। जबकि डेरा पट्टी गादड़ में आता है। इस जमीन पर करीब 100 साल से यहां पर अखाड़ा चल रहा है। यह जमीन पंचायत द्वारा ही उन्हें दी गई है। महंतों द्वारा मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। उन्होंने किराए पर कमरे अखाड़े का खर्चा चलाने के लिए दिए हैं। पहलवान से कुछ नहीं लिया जाता है। जो दुकान पर किराए दी है, उस पर मामूली किराया ही लिया जा रहा है। महंत से किसी प्रकार की कोई पंचायत नहीं हुई है।

### मजदूरों के अधिकारों पर डाका डाल रही सरकार

**जींद ।** भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के जिला प्रधान जोगिंदर व जिला सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि पिछले नौ महीने से निर्माण मजदूरों के जायज लाभ रुके हुए हैं और सरकार इसके पीछे फर्जीवाड़े का बहाना बना रही है। हैरानी की बात यह है कि सरकार ने अब तक किसी भी बड़े दलाल या भ्रष्ट अधिकारी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है बल्कि आए दिन नई बयानबाजी कर मजदूरों को ही जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। यूनियन नेताओं ने कहा कि फर्जीवाड़े की आड़ में लाखों असली निर्माण मजदूरों के पंजीकरण, पेंशन, शिक्षा सहायता, मातृत्व लाभ, औजार सहायता और दुर्घटना सहायता जैसी कल्याणकारी योजनाओं पर रोक लगाना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। हम सरकार से मांग करते हैं कि भ्रष्ट अधिकारियों, बिचौलियों और फर्जी पंजीकरण करने वाले गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की जाए लेकिन इसका खामियाजा उन मेहनतकश मजदूरों को न भुगतना पड़े।

## अधिकारों पर छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी


**पूंडरी।** मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए प्रिंसिपल डॉ राजेश तुरान व अन्य।

डीएवी कॉलेज पूंडरी के लीगल लिटरेसी सेल द्वारा शनिवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायालय कैथल से आए जितेंद्र शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान ने की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता जितेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कानून की परिभाषा और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ता अधिकार, गुणवत्ता आश्वासन और सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर सरल भाषा में कानूनी जानकारी साझा की। साथ ही महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के प्रति भी छात्रों को जागरूक किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कानून की नजर में सभी नागरिक समान होते हैं और सभी को समान संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने छात्रों को उनके मूलभूत कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. राजेश तुरान ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी जानकारी आज के समय में अत्यंत आवश्यक है, जिससे छात्र अपने अधिकारों के प्रति सचेत रह सकें। कार्यक्रम का मंच संचालन लीगल लिटरेसी क्लब के प्रभारी डॉ. सिमरजीत कौर ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे आयोजन भविष्य में भी जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

**बैठक** | बीकानेर के कोलायत तीर्थ से जुड़ेगा कलायत का कपिल मुनि तीर्थ

## सरस्वती कॉरिडोर से जुड़ेगा हरियाणा–राजस्थान, बनेगा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कलायत


**कलायत ।** सरस्वती बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बातचीत करते हुए।

प्राचीन सरस्वती नदी अब एक नए रूप में हरियाणा और राजस्थान को जोड़ने जा रही है। प्रस्तावित सरस्वती कॉरिडोर के माध्यम से दोनों राज्यों की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों को एक सांस्कृतिक श्रृंखला में पिरोने की तैयारी चल रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सरस्वती बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच के बीच लगातार विचार-विमर्श जारी है। इस परियोजना के तहत पुरातत्व, सिंचाई, कला एवं संस्कृति विभाग कॉरिडोर का विस्तृत प्रारूप तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। योजना का उद्देश्य न केवल ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण करना है, बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देना है। प्रस्तावित कॉरिडोर के माध्यम से हरियाणा के कलायत स्थित प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ को राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित प्रसिद्ध कोलायत तीर्थ से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र जिले के पिहोवा तीर्थ और सन्निहित सरोवर और जींद जिले के कालवन स्थित कपिल मुनि तीर्थ को भी इस सांस्कृतिक श्रृंखला में शामिल किया जाएगा। यह सभी स्थल भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र माने जाते हैं।विशेष बातचीत में पत्रकारों को जानकारी धूम्मन किरमच के अनुसार इस परियोजना को लेकर हरियाणा और राजस्थान सरकार के बीच सकारात्मक बातचीत चल रही है। उन्होंने बताया कि प्राचीन सरस्वती नदी, जिसे पवन सरस्वती भी कहा जाता है।हरियाणा से होकर राजस्थान के बीकानेर क्षेत्र तक बहती रही है।

**2005 में बढ़ी धार्मिक मान्यता**

कलायत का कपिल मुनि तीर्थ इस योजना का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां वर्ष 2005 से सरस्वती नदी की जलधारा के पुनः प्रकट होने की मान्यता है, जिसने इस स्थान की धार्मिक महत्ता को और बढ़ा दिया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह स्थल सांख्य दर्शन के प्रवर्तक भगवान कपिल मुनि से जुड़ा हुआ है। जिससे इसकी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक गरिमा और भी गहरी हो जाती है। यदि यह परियोजना साकार होती है तो न केवल हरियाणा और राजस्थान के बीच सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे बल्कि यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा।

*28 मार्च को भागवत कथा के बाद स्टोर में लगी थी आग*

## मैरिज पैलेस में आग लगाने पर दो वेटर नामजद,केस दर्ज

**जींद ।** सैक्टर सात के मैरिज पैलेस में लगी आग के मामले मे सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो वेटरों के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुभाष नगर निवासी विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका सैक्टर सात में मैरिज पैलेस है। गत 28 मार्च को भागवत कथा समाप्त होने के बाद शाम को मैरिज पैलेस के स्टोर में आग लग गई थी। जिसमें काफी सामान जल गया था। उस दौरान उन्हें लगा कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। जब उन्होंने मैरिज पैलेस मे लगे सीसी टीवी कैमरों को चैक किया तो वेटर गांव जलालपुरा कलां निवासी राहुल तथा अनिकेतन अदर सामान ले कर स्टोर मे जाते दिखाई दिए। दोनों वेटर चार मिनट तक स्टोर मे रहे। जिनके बाहर निकलने के कुछ समय के बाद आग की लपटें भी दिखाई। विजय ने आरोप लगाया कि दोनों वेटरों ने मैरिज पैलेस के स्टोर में आग लगाई है। जब उन्होंने वेटरो से पूछताछ की तो उन्होंने आग लगाने की बात को भी स्वीकार कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मैरिज पैलेस मालिक विजय की शिकायत पर वेटर राहुल तथा अनिकेतन के खिलाफ आगजनी समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।